# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404


## शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
## अनूपपुर(म.प्र.)

दिनांक- 16/06/2023

# प्रतिवेदन

**जिलास्तरीय एकदिवसीय ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा दिनांक **15 जून 2023** को **जिलास्तरीय एकदिवसीय ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। ई-ग्रंथालय विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में उन्नत एवं आधुनिक पुस्तकालय अत्यंत आवश्यक है। डॉ.संत ने कहा कि आज के बदलते तकनीकी दौर में ई - ग्रंथालय (डिजिटल लाइब्रेरी), रिमोट एक्सेस के माध्यम से सुदूद क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी सभी आधुनिक सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध होती जा रही हैं, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को व्यापक पहुंच प्रदान करते है। कार्यक्रम की संयोजक पुस्तकालय प्रभारी प्रो. पूनम धांडे ने इस कार्यक्रम में ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में महाविद्यालयों में आधुनिक ग्रंथालय की नितांत आवश्यकता हैं, जो छात्रों के हित एवं कल्याण के लिए बेहद जरूरी हैं।

मास्टर ट्रेनर के रूप में शासकीय महाविद्यालय जैतहरी के ग्रंथपाल श्यामबली कुमार ने ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर लॉगिन, सॉफ्टवेयर में मास्टर डाटा की ईंट्री, रेट्रो कनवर्सन, बुक डाटा ईंट्री, सॉफ्टवेयर के माध्यम से बुक इश्यू, एवं रिटर्न की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। अनूपपुर जिले के सभी सात शासकीय महाविद्यालयों के ग्रंथपाल जिसमें कोतमा महाविद्यालय से प्राचार्य वी.के.सोनवानी , बिजुरी महाविद्यालय के ग्रंथपाल सत्यनारायण तिवारी, पुष्पराजगढ़ महाविद्यालय के ग्रंथपाल नसरीन बानो, वेंकटनगर महाविद्यालय के ग्रंथपाल,राजनगर महाविद्यालय के ग्रंथपाल अनुसुइया रजक, शासकीय कन्या महाविद्यालय के ग्रंथपाल विनोद सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम समापन के अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समस्त महाविद्यालयों के ग्रंथपालों के प्रति अंत में आभार महाविद्यालय की ग्रंथपाल श्रीमती सुजीता सोनी के द्वारा दिया गया।




PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


Browser of training



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404









PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404





Master trainer shayambali kumar







Distribution of certificate




PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404




Group picture



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
## जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

e-mail:hegtdcano@mp.gov.in ☎ 9893076404

क्रमांक/ 1045/स्था./2023 अनुपपूर,दिनांक-12/06/2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय महाविद्यालय,
जिला -अनुपपुर (म.प्र.)-484224

विषय- ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने बाबत ।

सन्दर्भ -स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टोरेट, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक 1311 भोपाल, दिनांक 08/06/2023 ।

उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार समस्त महाविद्यालयों में एन.आई.सी. द्वारा निर्मित एवं संचालित ई-ग्रंथालय लाइब्रेरी ऑटोमेशन एप्लीकेशन का क्रियान्वयन किया जाना है। इस संबंध में शासकीय तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय,अनुपपुर द्वारा ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण दिनांक 15/06/2023 को दोपहर 12.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में आयोजित किया जा रहा है.

अतः निर्धारित दिनांक एवं समय पर अपने महाविद्यालय के ग्रंथपाल (संलग्न सूची अनुसार) को इस प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। साथ में ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर में किए गये कार्य का प्रगति प्रतिवेदन भी अनिवार्यतः प्रस्तुत करें ।

**संलग्न** – महाविद्यालयों की सूची

PRINCIPAL
प्राचार्य
शासकीय तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

पृ.क्रमांक/ 1046 /स्था./2023 अनुपपूर,दिनांक-12/06/2023

प्रतिलिपि :

1- आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन, सतपुड़ा भवन भोपाल, म.प्र.
2- अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा, संभाग रीवा म.प्र.

प्राचार्य
शासकीय तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

suchna



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404


## कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
## जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

e-mail:hegtdcano@mp.gov.in ☎ 9893076404

### List of Government Colleges, Distt-Anuppur (M.P.)

| No. | Institute Code | Institute Name | Email | Designation |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1412 | Govt College Pushprajgarh | hegcpusano@mp.gov.in | Librarian |
| 2 | 1409 | Govt MM College Kotma | hegckotano@mp.gov.in | Librarian |
| 3 | 1414 | Govt College Bijuri | hegcbijanu@mp.gov.in | Librarian |
| 4 | 1413 | Govt College Jaithari | hegcjaianu@mp.gov.in | Librarian |
| 5 | 1420 | Govt College Rajnagar | hegcrajanu@mp.gov.in | Librarian |
| 6 | 1316 | Govt College Venkatnagar | hegcvenkanup@mp.gov.in | Librarian |
| 7 | 1422 | Govt Girls College Anuppur | hegtdcano@mp.gov.in | Librarian |

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**भूमिका भास्कर**
www.bhumikabhaskar.com

E-Paper
सोमवार, 19 जून 2023

## उन्नत एवं आधुनिक पुस्तकालय उच्च शिक्षा की रीढ़ : डॉ. सन्त

**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**

जिले के शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय में 15 जून 2023 को पुस्तकालय विभाग द्वारा एकदिवसीय जिला स्तरीय ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ई-ग्रंथालय विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में उन्नत एवं आधुनिक पुस्तकालय अत्यंत आवश्यक है। डॉ.संत ने कहा कि आज के बदलते तकनीकी दौर में ई-ग्रंथालय (डिजिटल लाइब्रेरी), रिमोट एक्सेस के माध्यम से सुदूर क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी सभी आधुनिक सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो जा रही हैं, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को व्यापक पहुंच प्रदान करते है। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. पूनम धांडे ने वर्तमान समय में महाविद्यालयों में आधुनिक ग्रंथालय की आवश्यकता को छात्रों के हित के लिए जरूरी बताते






हुए ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के महत्व प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर के रूप में शासकीय महाविद्यालय जैतहरी के ग्रंथपाल श्यामबली कुमार ने ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर लॉगिन, सॉफ्टवेयर में मास्टर डाटा की ईंट्री, रेट्रो कनवर्सन, बुक डाटा ईंट्री, सॉफ्टवेयर के माध्यम से बुक इश्यू, एवं रिटर्न की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनूपपुर जिले के सभी सात शासकीय महाविद्यालयों के ग्रंथपाल ने ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर की जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त की। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की ग्रंथपाल श्रीमती सुजीता सोनी द्वारा किया गया।

Newspaper cutting

**प्रचार प्रसार :**

- gtc.anuppur.ac.in
- http//raajdhaninews.com/archives/12727



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)